हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 4 अप्रैल 2026

11 तेजाखेड़ा व शेरांवाली माइनर टूटने से सौ एकड़



11 डीसी डॉ. विवेक भारती ने भूना और भट्टू...



**खबर संक्षेप**

### रतिया बाईपास के पास से हेरोइन तस्कर दबोचा

**फतेहाबाद।** अपराध जांच शाखा रतिया पुलिस की टीम ने एक नशा तस्कर को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेन्द्र सिंह पुत्र नफे सिंह, निवासी लाली के रूप में हुई है। सीआईए रतिया प्रभारी उप निरिक्षक प्रदीप ने बताया कि पुलिस टीम गश्त और नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु रतिया-बुढलाडा रोड पर घग्गर पुल की तरफ मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को बाईपास टी-पॉइंट के पास एक व्यक्ति पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस की नाकाबंदी और सरकारी गाड़ी को देखकर आरोपी ने घबराकर भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने महज 15-20 कदमों की दूरी पर ही उसे काबू कर लिया।

### खेतों से बिजली केबल चोरीमें दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया के खोखर ढाणी क्षेत्र में कई किसानों की मोटरों से चोरी हुई 175 फुट केबल के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने केबल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उमेश पुत्र रामू, निवासी जोधकां तथा दीपु पुत्र पप्पू राम निवासी हुडा सेक्टर 19, सिरसा के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि 16 जनवरी को वार्ड नंबर 2, रतिया निवासी किसान गगनदीप ने पुलिस को शिकायत दी थी। किसान ने कहा था कि केटी कॉलेज के पीछे खोखर ढाणी स्थित उनके खेत में बनी मोटर के कमरे का ताला तोडक़र चोरों ने करीब 40 फुट केबल चोरी कर ली थी।

### मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल दो दिन खुलेगा

**फतेहाबाद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि किसान को अपनी फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जो किसान किसी कारणवश रबी सीजन की फसलों का पंजीकरण नहीं करवा पाए थे, उनके लिए पोर्टल को 3 से 4 अप्रैल, 2026 तक दो दिन के लिए पुनः खोला गया है। जिले में अब तक किसानों द्वारा 4 लाख 49 हजार 562 एकड़ क्षेत्र का ही

### इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 10 अप्रैल

**फतेहाबाद।** सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में संचालित इग्नू स्टडी सेंटर के केंद्र समन्वयक डॉ. गुरनाम चंद ने बताया कि जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 30 मार्च से बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दी गई है। यह निर्णय उन विद्यार्थियों के हित में लिया गया है जो किसी कारणवश अब तक किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं ले पाए हैं। इग्नू में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में जारी है, जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक युवक को बीकानेर राजस्थान जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि चतरगढ़ पट्टी सिरसा निवासी अजय सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हाथी पार्क के सामने नजदीकी सतीश टी स्टाल के पास बाइक खड़ा करके दुकान के अंदर चला गया था। कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया। पीड़ित की शिकायत पर शहर थाना सिरसा में बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस आरोपी सुमीत कुमार निवासी गांव भुकरका काबू कर लिया।

## फतेहाबाद में काली घटाओं के बाद बरसे बादल

# अप्रैल के पहले पखवाड़े में हल्की ठिठुरन व बूंदाबांदी, दूसरे पखवाड़े में बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मार्च महीने की तरह ही अप्रैल महीना भी मौसम के लिहाज से बड़े उलटफेर वाला है। इस महीने सात से आठ पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे, जिससे तापमान में बार-बार उतार-चढ़ाव बना रहेगा। वैसे मार्च के महीने में भी लगभग ऐसा ही मौसम रहा। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंचा लेकिन बीच-बीच में बादलवाई, बूंदाबांदी व बारिश का दौर रहने से गिरावट भी रही। एक बारगी 35 डिग्री तो दो दिन बाद 21 डिग्री तापमान मार्च माह ने देखा है। यानि कि गर्मी और ठंडक एक साथ चलते रहे। अब आगे भी ऐसे ही आसार मौसम विभाग जता रहा है। वीरवार रात को फतेहाबाद में बादल छाए रहे ओर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। शुक्रवार को सुबह से ही बादल छाए रहे और कुछ देर बूंदाबांदी हुई। शाम को काली घटाओं ने शहर को अपनी आगोश में ले लिया और बारिश शुरू हो गई। इससे पहले दोपहर में कई दिन बाद तेज धूप के कारण गर्मी अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा महसूस हुई। हालांकि शाम पांच बजे बाद बादल छाने और हलकी बरसात से थोड़ी राहत मिली। दरअसल शुक्रवार को सुबह से शाम तक बादलवाई, धूप और फुहारों की आंख-मिचौली चलती रही। शाम को यहां काली घटाये छा गई और 4 बजे ही अंधेरा-सा हो गया। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को भी दिन का तापमान 29 डिग्री और इसी तरह रात का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं अब अप्रैल माह की शुरूआत में दिन में बीच-बीच में बादल छाए रहेंगे।

**अप्रैल महीने में आठ पश्चिमी विक्षोभ होंगे सक्रिय, आंधी-बारिश का दौर चलेगा**



फतेहाबाद। खेतों में पकी गेहूं पर छाए बादल। *फोटो : हरिभूमि*



फतेहाबाद। शहर पर छाई काली घटाएं। *फोटो : हरिभूमि*

**मौसम का पूर्वानुमान**

प्रदेश में 5 अप्रैल तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है। पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 5 अप्रैल तक राज्य में आंशिक बादलवाई तथा बीच बीच में हवाएं चलने के आसार है। 4 अप्रैल को हवाओं व गरजचमक के साथ राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ एक स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना बन रही है। हवाओं में बदलाव आने से दिन के तापमान में ज्यादा बदलाव न होने व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

-**डॉ मदन खीचड़**, एचएयू मौसम विभाग, हिसार

**सामान्य से अधिक बारिश के आसार**

मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल माह में औसतन बारिश सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। पूरे महीने पारा स्थिर नहीं रहेगा। जहां पहले पखवाड़े में तापमान में गिरावट रहेगी वहीं दूसरे पखवाड़े की शुरूआत में गर्मी बढ़ेगी और अंत में फिर मौसम सुहावना हो जाएगा। वर्तमान में बादलों की आवाजाही और छिटपुट बूंदाबांदी के बाद अब उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलने से रात के तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। इस दौरान 1 से 15 अप्रैल तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से गर्मी में राहत मिलती रहेगी। इस अवधि के दौरान 3-4 अप्रैल, 7-8 अप्रैल और 11-12 अप्रैल को मौसम में बदलाव रहेगा। इन तारीखों के आसपास पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में तेज हवाओं, आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं।



सिरसा। आसमानी बिजली गिरने से मकान में आई दरारें। *फोटो : हरिभूमि*

# आसमानी बिजली गिरने से मकान हुआ क्षतिग्रस्त, युवती घायल

- बरसात के कारण किसान काफी चिंतित नजर आ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिले में बेमौसमी बरसात से सरसों व गेहूं की फसलों को नुकसान हो रहा है। वीरवार रात व शुक्रवार बाद दोपहर जिला के कई हिस्सों में तेज बारिश हुई। इस दौरान माधोसिंघाना व तरकांवाली में आसमानी बिजली गिरने की घटनाएं भी हुई हैं। जिलाभर में 5 से लेकर 8 एमएम तक बरसात हुई। बरसात के कारण किसान काफी चिंतत हैं, क्योंकि फसल पक कर तैयार है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश और हुई तो फसलों को काफी नुकसान होगा। वहीं जिले के गांव तरकांवाली में एक मकान में आसमानी बिजली गिरने से मकान में दरारें आ गई और बिजली उपकरण जल गए। हादसे में एक युवती भी घायल हो गई। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात चंदूराम वर्मा के घर में आसमानी बिजली गिरी जिससे मकान में जगह-जगह गहरी दरारें आ गई। चंदूराम ने बताया कि आसमानी बिजली घर की पानी की टंकी को चीरते हुए सीधे चौबारे पर गिरी, जिससे उसका मकान क्षतिग्रस्त हो गया। घर में मौजूद बिजली उपकरण पंखा, कूलर, एसी, फ्रिज और एलसीडी जलकर नष्ट हो गई। उसने बताया कि घटना में उसे लाखों रुपये का नुकसान हो गया है।

**मांगा मुआवजा**

चंदूराम ने बताया कि उसकी बेटी ज्योति इस घटना में घायल हो गई। उसे सिरसा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद अब उसकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। चंदूराम ने बताया कि वह हिस्से पर जमीन लेकर परिवार का पालन पोषण कर रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि इस प्राकृतिक आपदा में हुए भारी नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए।

# शादी के नाम पर ठगी से रहें सावधान

- कहा : विवाह के इच्छुक युवाओं को निशाना बनाकर की जा रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन एसपी ने आमजन को जागरूक करते हुए शादी के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर एडवाइजरी जारी की। एसपी ने बताया कि फर्जी मैट्रिमोनियल कॉल सेंटर व गैंग द्वारा युवाओं और उनके परिवारों को शादी का झांसा देकर ठगी की जा रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग के साथ ऐसे मामलों में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि ठग खुद को मैट्रिमोनियल एजेंसी का प्रतिनिधि या रिश्ते करवाने वाला बताकर संपर्क करते हैं। वे आकर्षक प्रोफाइल, फोटो व झूठी जानकारी दिखाकर पहले भरोसा जीतते हैं। इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोफाइल वेरिफिकेशन, मीटिंग अरेंजमेंट, या शादी पक्की कराने के नाम पर अलग-अलग बहानों से पैसे मांगते हैं। कई मामलों में पीड़ितों से बार-बार भुगतान करवाकर लाखों रुपये तक की ठगी की जा चुकी है।



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन।

**अनजान को न भेंजें अपनी पर्सनल डिटेल**

एसपी ने आमजन को सावधान करते हुए कहा कि किसी भी अनजान मैट्रिमोनियल कॉल, मैसेज या प्रोफाइल पर तुरंत भरोसा न करें। बिना सत्यापन के किसी भी प्रकार की फीस या भुगतान न करें। प्रोफाइल की जानकारी को स्वतंत्र रूप से जांचें और परिवार से मिलकर ही निर्णय लें। केवल विश्वसनीय व प्रमाणित मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें। अपनी निजी व बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी प्रकार के दबाव या जल्दबाजी में पैसे ट्रांसफर न करें। संदिग्ध कॉल या लिंक से दूर रहें।

# नाबालिग से दुष्कर्म व आत्महत्या प्रयास, काबू

- सीआईए टोहाना की टीम ने युवक को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नाबालिग से दुष्कर्म व आत्महत्या प्रयास से जुड़े मामले में सीआईए टोहाना की टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपी की पहचान संदीप उर्फ धोला पुत्र सत्यवान निवासी ढाणी डूल्ट के रूप में हुई है। आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा काबू किया गया है। इससे पूर्व इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों को भी पुलिस द्वारा काबू किया जा चुका है, जिनसे गहन पूछताछ जारी है। मामले के संबंध में शिकायतकर्ता, जो पीड़िता की माता हैं, ने अपने बयान में बताया कि 18 जून 2025 की रात्रि को उनकी नाबालिग पुत्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसने जहरीला पदार्थ पी लिया। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि पड़ोसन द्वारा अपने भतीजे के साथ मिलकर उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार गलत कार्य करवाया गया, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा पीड़िता को विभिन्न अस्पतालों में उपचार हेतु दाखिल करवाया गया, जहां उपचार के दौरान एक मृत शिशु का जन्म हुआ। उक्त शिकायत के आधार पर थाना शहर टोहाना में 19 जून 2025 को मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।



फतेहाबाद। नाबालिग से दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार युवक। *फोटो : हरिभूमि*

**कानूनी कार्रवाई में जुटी पुलिस**

जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए एक के बाद तीन आरोपियों को काबू किया जा चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा प्रत्येक पहलू से गहन जांच की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की भी बारीकी से जांच की जा रही है तथा पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# फतेहाबाद की 5वीं महिला एसपी होंगी निकिता खट्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद जिले के एसपी सिद्धांत जैन का हिसार तबादला हो गया है। अब उनकी जगह आईपीएस निकिता खट्टर फतेहाबाद के एसपी का कार्यभार संभालेगी। निकिता खट्टर मूलरूप से नोएडा की रहने वाली है। उन्होंने गणित विषय में एमएससी की हुई है। निकिता खट्टर फतेहाबाद में एसपी का पद संभालने वाली 5वीं महिला होगी। इससे पहले आईपीएस कला रामचंद्रन, पारुल कुश जैन, संगीता कालिया और आस्था मोदी बतौर महिला एसपी फतेहाबाद में कार्यभार संभाल चुकी हैं। आस्था मोदी के नाम फतेहाबाद की सबसे लंबे समय तक एसपी रहने का रिकॉर्ड भी है, वह दो साल 8 महीने 22 दिन तक एसपी रही थी। साल 2018 बैच की आईपीएस निकिता खट्टर इससे पहले डबवाली पुलिस जिला, गुरुग्राम रेंज में एंटी करप्शन ब्यूरो में बतौर एसपी कामकाज कर चुकी हैं।

## वसूली प्रकरणः वॉयस सैंपल मैच होते ही बढ़ी गिरफ्तारी की आहट, डीएसपी रीडर की अग्रिम जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

ढाणी भोजराज गांव में अंतर्जातीय विवाह विवाद से जुड़े एससी/एसटी एक्ट के मामले में कथित वसूली प्रकरण में अब डीएसपी संजय बिश्नोई के रीडर दर्शन सिंह की वायरल ऑडियो का फॉरेंसिक मिलान होने के बाद अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही जांच एजेंसियों ने कार्रवाई तेज कर दी है और गिरफ्तारी की संभावना भी बढ़ गई है। पता चला है कि जांच के लिए भेजी गई वॉयस रिकॉर्डिंग की फॉरेंसिक रिपोर्ट में आवाज का मिलान हो चुका है। इसे मामले में इसे अहम सबूत माना जा रहा है। इसी आधार पर एजेंसियां अब आगे की कानूनी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए दर्शन सिंह ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, लेकिन सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। बता दें कि करीब आठ महीने पहले एंटी करप्शन ब्यूरो के हिसार थाने में डीएसपी के रीडर दर्शन सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था।

**यह था मामलाः** दरअसल, 31 जनवरी 2025 को गांव के युवक-युवती घर से चले गए थे और 4 फरवरी को प्रेम विवाह कर लिया। युवक एससी वर्ग से और युवती सामान्य वर्ग से बताई गई। इसके बाद पुलिस कार्रवाई के विरोध में ग्रामीणों ने रोड जाम किया था। इसके बाद 15 फरवरी को पुलिस ने 9 लोगों को नामजद करते हुए 50 अन्य के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। अब फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

# लाखों रुपये की साइबर ठगी करने वाला राजस्थान से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर दो लाख 89 हजार रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को राजस्थान के सीकर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने शुक्रवार को बताया कि सिरसा निवासी एक महिला की शिकायत पर 20 मार्च को मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया किउसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से लिंक प्राप्त हुआ। लिंक पर क्लिक करने के बाद वह टेलीग्राम ऐप से जुड़ गई, जहां उसे शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के माध्यम से मोटा मुनाफा कमाने के संदेश दिखाए गए।



सिरसा। पुलिस गिरफ्त में साइबर ठग।

### जाली रजिस्ट्री के आधार पर प्रॉपर्टी आईडी बनवाने और जमीन हड़पने के मामले में मुख्य आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** थाना जाखल पुलिस ने रजिस्ट्री में छेड़छाड़ कर प्रॉपर्टी आईडी हथियाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनोद कुमार उर्फ बंटी पुत्र बचना राम निवासी वार्ड नंबर 13, जाखल के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी ने बताया कि जाखल निवासी प्रेमलता और उनके पुत्र चंद्रहर्ष द्वारा एक सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दिया गया था। आरोपी प्रेमलता के पास वसीका नंबर 845 के अनुसार 107 वर्गगज का मकान था, लेकिन उन्होंने रजिस्ट्री के साथ छेड़छाड़ कर रकबा 130 वर्गगज और सीमाओं की पैमाइश 18.49 की जगह 24.49 करवा ली। जाली दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड कर आरोपियों ने प्रॉपर्टी आईडी प्राप्त कर ली।

**धर्म-कर्म** काजल हेड़ी में श्री धेनू मानस गो कथा के तीसरे दिन उमड़ी श्रद्धा

# गो माता सनातन संस्कृति की आत्मा और धर्म की आधारशिला : स्वामी गोविंदशरणानंद

- गो कथा के तीसरे दिन भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांव काजल हेड़ी स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला में आयोजित सात दिवसीय श्री धेनू मानस गो कथा के तीसरे दिन भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और संपूर्ण वातावरण जय गौ माता के जयघोष से पावन हो उठा। भक्ति गीतों और संकीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से कथा श्रवण किया, जिससे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। हरिद्वार से आए कथा व्यास आचार्य स्वामी गोविंदशरणानंद महाराज ने तृतीय दिवस की कथा में श्री धेनू मानस के





फतेहाबाद। प्रवचन करते स्वामी गोविंदशरणानंद व गौकथा के दौरान उपस्थित महिलाएं।

**सच्चे मन से की गई भक्ति दिखाती है सही मार्ग**

उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित किया कि कथा को केवल सुनना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके संदेशों को अपने आचरण में उतारना ही सच्ची भक्ति है। इस अवसर पर महंत स्वामी प्रणवानंद महाराज ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अहंकार, लोभ और मोह जैसी बुराइयों का त्याग करना चाहिए। सच्चे मन से की गई ईश्वर की भक्ति और गो सेवा ही वास्तविक शांति प्रदान करती है। कथा के दौरान आचार्य स्वामी विश्वात्मानंद महाराज, स्वामी गजानंद महाराज, गोशाला आयोग के सदस्य अजीत सिहाग सहित गोशाला समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गैस की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

**सिरसा।** जिला में घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है और किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। जिला में गत दिवस सभी गैस एजेंसी संचालकों द्वारा 7946 गैस सिलेंडर की सप्लाई की गई। इसके अलावा घरेलू गैस का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वीरवार को विभागीय टीमों ने कई जगहों पर छापेमारी कर 17 सिलेंडर जब्त किए हैं। विभाग द्वारा गैस की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि जिला में घरेलू गैस, पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं है, सप्लाई नियमित तौर पर सुचारू रूप से जारी है।



## खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

लाइफ Style

# दिव्या

## एक बार में साइन की 20 मूवीज

दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।



## हॉलीवुड मसाला



## जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।




## एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



## सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



## धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला



## पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा।



जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंड्स्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।

## अली अब्बास की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

## इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

## बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

**दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं**



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमले के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान रणजीत उर्फ जीता निवासी रविदास मोहल्ला, टोहाना, अनिल उर्फ लीलू निवासी गुप्ता कॉलोनी टोहाना, सुनील उर्फ सीना निवासी रविदास मोहल्ला, टोहाना तथा बिट्टू उर्फ चीचा निवासी सैनी मोहल्ला टोहाना के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जाखल में निकाली गई कलश एवं शोभायात्रा

**फतेहाबाद।** जाखल में श्री राधे कृष्ण महिला मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट नई बस्ती द्वारा आयोजित चौथी श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर एक विशाल कलश यात्रा और शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत नई बस्ती स्थित हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। पंडित मनी शास्त्री ने क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए मंत्रोच्चारण किया। इसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई, जिसमें लगभग 200 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। इस दौरान नगर पालिका जाखल मंडी के प्रधान विकास कामरा ने विशेष रूप से भाग लेते हुए श्रीमद् भागवत महापुराण को अपने सिर पर धारण कर शोभायात्रा की अगुवाई की। ढोल-

### टोहाना में नहरों के बीच मिला बुजुर्ग का शव

**टोहाना।** शहर में हिसार रोड पर स्थित दो नहरों के बीच से एक अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में पहचान के लिए रखवाया है और आसपास के जिलों के थानों को इसकी सूचना भेज दी है। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह के समय शहर पुलिस को सूचना मिली कि हिसार रोड पर दो नहरों के बीच रास्ते में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। एएसआई ने बताया कि मृतक के चेहरे को जानवरों ने बुरी तरह नोचा हुआ है।

### इंसाफ दी आवाज संगठन की बैठक 5 को

**ओढां।** इंसाफ दी आवाज संगठन द्वारा 5 अप्रैल को सिरसा में एक बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए राकेश कुमार थिराज ने बताया कि पर्लस ग्रुप के इंजीनियरों के साथ 5 अप्रैल को गुरुद्वारा चिल्ला साहिब सिरसा में एक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महेंद्रपाल सिंह दानगढ़ पहुंचेंगे और जिन लोगों ने पर्ल कंपनी में पैसे जमा करवा रखे हैं और अभी तक उनके बैंक अकाउंट में पैसे नहीं आए, उन सभी के रुपये कैसे और कब मिलेंगे इस बारे पूरी जानकारी देंगे।

### भट्टू उप-तहसील कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

# डीसी डॉ. विवेक भारती ने भूना और भट्टू उप-तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

- तहसील में बने मॉडर्न रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** विभिन्न विभागों के कार्यों का निरीक्षण करते हुए डॉ. विवेक भारती।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को भट्टू और भूना उप-तहसील एवं बीडीपीओ ब्लॉक का दौरा कर विभिन्न विभागों के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप-तहसील व बीडीपीओ कार्यालय की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीसी के दौरे को लेकर कर्मचारियों में हडकंप की स्थिति रही। दौरे के दौरान डीसी ने आमजन की मांग पर स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र दुरुस्त करने, परिसर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्री वॉल ऊंची करने तथा चौकीदार की नियुक्ति करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने भट्टू उप-तहसील कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण हेतु प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए ताकि कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और कार्यक्षमता में वृद्धि हो सके।

भट्टू उप-तहसील कार्यालय में राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन के कार्य निर्धारित समय सीमा में पारदर्शिता के साथ निपटाए जाएं। उन्होंने राजस्व न्यायालय में लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी लंबित केसों का तय समयावधि में निपटान सुनिश्चित किया जाए।

डीसी ने विशेष रूप से जमाबंदी, गिरदावरी एवं अन्य राजस्व मामलों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सेवाएं सरल व प्रभावी ढंग से उपलब्ध हों।

इस दौरान डीसी ने उप-तहसील में बने मॉडर्न रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। डीसी ने निर्देश दिए कि रिकॉर्ड को व्यवस्थित व सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने बेकार पड़े सामान का शीघ्र निपटान करने, महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को सुरक्षित स्थान पर रखने और रिकॉर्ड को लॉक कर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

बीडीपीओ कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने ग्राम स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और जनभागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।

भूना उप तहसील का निरीक्षण करते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए व्हील चेयर रखी जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही पेंडिंग कोर्ट केसों का निपटारा भी जल्द किया जाए।

### जन शिकायतों का प्राथमिकता से हो हल शिकायतकर्ता को भी दें जानकारी: डीसी

*सिरसा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में आने वाली जन शिकायतों का संबंधित विभाग प्राथमिकता से निवारण करें और शिकायतकर्ता को इस संबंध में अवगत भी करवाया जाए। यदि किसी समस्या के समाधान में किसी प्रकार की समस्या आती है तो उच्च अधिकारियों को अवगत करवाएं। ये निर्देश उपायुक्त शांतनु शर्मा ने शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। इससे पहले खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला में समाधान शिविर, जन संवाद, सीएम विंडो, एसएमजीटी में प्राप्त शिकायतों के निपटान के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की जन शिकायतों का स्थाई समाधान हो और संबंधित विभाग आपस में सामंजस्य बनाकर जन शिकायतों का हल करें। उन्होंने मुख्य रूप से पुलिस विभाग, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की और जल्द समाधान के निर्देश दिए ताकि पात्र लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का समय पर लाभ मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में आई 7651 शिकायतों में से 5956 का समाधान किया जा चुका है। 205 शिकायतों पर कार्य चल रहा है, 1080 शिकायतें रिजेक्ट हो चुकी हैं, जबकि 332 शिकायतों को रिओपन किया गया है तथा 78 शिकायतें न्यायालयों के अधीन है। उन्होंने बताया कि सप्ताह में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल पर समाधान शिविर लगाया जाता है। सिरसा में समाधान शिविर का आयोजन लघु सचिवालय के कमरा नम्बर 63 में होता है। आमजन की कोई भी समस्या हो, उसे समाधान शिविर में रखें और उसका समाधान करवाएं। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी नागरिकों की सुविधा के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है।*



**सिरसा।** तेजाखेड़ा माइनर में आई दरार भरते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

# तेजाखेड़ा व शेरांवाली माइनर टूटने से सौ एकड़ फसल डूबी

### किसानों ने नुकसान के भरपाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव मौजगढ़ हेड से निकलने वाली तेजाखेड़ा माइनर व चोपटा क्षेत्र में शेरांवाली माइनर टूटने से करीब सौ एकड़ फसल जलमग्न हो गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह तेजाखेड़ा माइनर गांव अबूबशहर के पास टूट गई। माइनर के टूटने से लगभग 60 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल पानी में डूब गई है। किसानों ने नुकसान के भरपाई की मांग की है।

किसानों को माइनर टूटने का पता चला तो सूचना सिंचाई विभाग को दी। किसानों ने अपने स्तर पर मिट्टी के थैले भरकर और जेसीबी मशीन की मदद से दरार को भरने का प्रयास किया, लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण स्थिति पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। इसके बावजूद किसान लगातार दरार को बंद करने में जुटे रहे। सूचना पाकर सिंचाई विभाग के जेई रोहित शर्मा और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दरार को भरने का काम शुरू किया। किसान गुरप्रीत सिंह, गोरा सिंह, विजेंद्र सहारण, देवीलाल भादू और बूटा सिंह ने बताया कि माइनर में दरार आने की मुख्य वजह उसकी वर्षों से सफाई न होना है।

#### किसानों को नुकसान

उधर, जिले के गांव दड़बा कलां के समीप शेरांवाली टूट गई। इससे किसानों की गेहूं की फसल डूब गई। नहर टूटने की सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद नहराना हेड से नहर को बंद करवाया गया। गौतरलब है कि यह नहर कुछ दिन पहले भी गांव दड़बा कलां के पास टूट गई थी। बार बार नहर टूटने से जहां एक ओर पानी भरने से फसलों को नुकसान हो रहा है वहीं नहरों के अंतिम छोर पर पडने वाले गांवों में पानी नहीं पहुंच पाता। माइनर टूटने से आसपास के किसानों की पककर तैयार खड़ी करीब 40 एकड़ फसल डूब गई। किसानों ने जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# सांसद सैलजा ने ओलावृष्टि प्रभावित गांवों का किया दौरा

### खराबे की डिटेल अपलोड करने के लिए पोर्टल को जल्द खोले सरकार : सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** बरसात व ओलावृष्टि से खराब फसलों का निरीक्षण करते सांसद कुमारी सैलजा। *फोटो : हरिभूमि*

सिरसा लोकसभा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पिछले दिनों हुई बरसात और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में प्रदेश सरकार को तुरंत इन किसानों राहत पहुंचाते हुए मुआवजा जारी करना चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को फतेहाबाद जिले में ओलावृष्टि व आंधी से प्रभावित गांवों में खेतों का निरीक्षण किया। उन्होंने फतेहाबाद जिले के गांव ढाणी डूल्ट, भूथन, झलनियां, भिरड़ाना, चन्द्रावल, माजरा, सनियाना, सनियाना सहित अनेक गांवों में खराब हुई फसलों का निरीक्षण करते हुए किसानों से भी बातचीत की तथा उनकी समस्याएं सुनीं।

#### खेतों की स्पेशल गिरदावरी करवाने की मांग

कुमारी सैलजा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द प्रभावित गांवों में खेतों की स्पेशल गिरदावरी करवाई जाए तथा रिपोर्ट तैयार कर जल्द से जल्द सरकार को भेजी जाए। सांसद से सरकार से भी अपील है कि खराबे की डिटेल अपलोड करने के लिए पोर्टल को जल्द से जल्द खोला जाए, क्योंकि सरकार की नियम है कि 72 घंटे के अंदर अंदर फसल बर्बादी की रिपोर्ट दर्ज करवाना अनिवार्य है, वहीं अभी तक पोर्टल भी नहीं खोले गए हैं। उन्होंने किसानों के पक्ष में सरकार से मांग की है कि प्रभावित किसानों को कम से कम 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा प्रदान किया जाए। सांसद ने कहा कि सरकार को किसानों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाना होगा लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है।

#### सरकार की बेतुकी शर्तों से किसान परेशान : सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र व प्रदेश सरकार को किसान विरोधी करार दिया है। किसान को चौतरफा मार पड़ रही है, इसके विपरीत सरकार पोर्टल के जरिए किसानों की परेशानी और बढ़ा रही है। कुमारी सैलजा सिरसा में अनाज मंडी का दौरा करने के बाद पार्टी नेता राजकुमार शर्मा के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इस अवसर पर उनके साथ विधायक बलवान दौलतपुरिया, शीशपाल केहरवाला के अलावा पार्टी नेता राजकुमार शर्मा, नवीन केडिया सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों की वजह से किसान का मंडी में प्रवेश करना ही मुश्किल हो गया है।

# भाजपा 6 को मनाएगी स्थापना दिवस बैठक में कार्यकताओं संग की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष। *फोटो : हरिभूमि*

भाजपा द्वारा 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर बीजेपी जिला कार्यालय में एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने की। बैठक में भाजपा के प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व सुरेन्द्र आर्य ने बताया कि भाजपा द्वारा जिला में 6 अप्रैल को स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिले के सभी 708 बूथों पर कार्यकर्ता अपने अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर पार्टी का सम्मानित झंडा लगाएंगे तथा आमजन को भी प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, समर्पण और संस्कारों की विचारधारा का प्रतीक है।

स्थापना काल से ही पार्टी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को अपनाते हुए देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान बनाई है। आज देश आर्थिक, सामाजिक और सामरिक दृष्टि से मजबूत हुआ है। इस अवसर पर जगदीश शर्मा, संजय रेवड़ी, सविता टुटेजा, सुमन खिचड़, भीम लाम्बा, इन्द्र गावड़ी, अशोक जाखड़ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक शीशपाल ने ग्रामीणों को विकास परियोजनाओं दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला ने जिला विकास योजना के अंतर्गत गांव झोरडरोही, सुरतिया व रोहण में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने गांव झोरडरोही में बाबा रामदेव मंदिर से लेकर पीरखाने तक गली निर्माण का उद्घाटन किया। इस गली के निर्माण पर करीब 17 लाख रुपए की लागत आई है। ऐसे ही झोरडरोही में उन्होंने एससी चौपाल के नवीनीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया, जिस पर करीब 5 लाख रुपए की लागत आई है। केहरवाला ने गांव सुरतिया में राजकीय स्कूल से लेकर माता रानी मंदिर तक गली निर्माण का उद्घाटन किया। इस गली के निर्माण पर करीब 18 लाख रुपए की लागत आई है। ऐसे ही जिला विकास योजना के अंतर्गत गांव रोहण में नवनिर्मित जिम हाल का उद्घाटन किया, जिस पर करीब 12 लाख रुपए का खर्च है। इस दौरान विधायक केहरवाला ने कहा कि वे एक जनप्रतिनिधि के रूप में समग्र दृष्टि से कालांवाली हलके की जनता की आवाज को बुलंद करते रहेंगे। उनका मकसद है कालांवाली विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिले और इसके लिए वे लगातार सड? से लेकर विधानसभा तक प्रयास करते रहते हैं। केहरवाला ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही सकारात्मक राजनीति की है और उसी विचारधारा को आत्मसात करते हुए वे पिछले 12 वर्षों से कालांवाली की जनता के हकों को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवतार सिंह सुरतिया, जरनैल सिंह रोड़ी, सरपंच इकबाल सिंह, सुखविंद्र रोड़ी, शिवराज सिंह, गुरप्रीत सिंह, अमरकी सिंह व सुभाष सिंगाठिया मौजूद थे।

# महिला खो-खो प्रतियोगिता में छाए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** सीडीएलयू में खो खो मुकाबले में भाग लेती प्रतिभागी।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में आयोजित चार दिवसीय नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला खो-खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। खिलाडियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, रणनीति एवं टीम भावना का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में टीमों ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया। सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कानपुर ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी को हराया। सीआरएसयू, जींद ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा को पराजित किया। एचएनबीजीयू, श्रीनगर (उत्तराखंड) ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर को हराया। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा ने जम्मू विश्वविद्यालय को पराजित किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने डीएवी विश्वविद्यालय, जालंधर को हराया। केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा (महेंद्रगढ़) ने नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली को पराजित किया। पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला ने एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा को हराया। सीबीएलयू, भिवानी ने लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को पराजित किया। सरदार पटेल विश्वविद्यालय ने जीएनडीयू, अमृतसर को हराया। प्रो. राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को पराजित किया। वीएमएसबी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून ने एमपीएसपीएस विश्वविद्यालय, पटियाला को हराया (वॉकओवर)। दिल्ली विश्वविद्यालय ने कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल को पराजित किया। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद को हराया। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को पराजित किया।

### जरूरतमंदों और असहाय लोगों की निःस्वार्थ सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति

# साध्वी राज राजेश्वरी और डीआईजी मनवीर सिंह ने किया 'सतगुरू कृपा अपना घर आश्रम' का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीआईजी मनवीर सिंह को सम्मानित करते श्री सद्गुरू कृपा अपना घर आश्रम के सेवादार। *फोटो : हरिभूमि*

जरूरतमंदों और असहाय लोगों की निःस्वार्थ सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। संसार में ऐसे लोगों की सेवा से बड़ा कोई धर्म और पुण्य का कार्य नहीं है। यह बात वृन्दावन से पधारी साध्वी राज राजेश्वरी ने हिसार-सिरसा बाईपास स्थित श्री सद्गुरू कृपा अपना घर आश्रम के भ्रमण के दौरान व्यक्त किए। स्वामी सदानंद जी महाराज के पावन मार्गदर्शन में संचालित इस आश्रम की गतिविधियों का अवलोकन करने के लिए साध्वी राज राजेश्वरी के अलावा हरियाणा पुलिस अकादमी, सुनारिया (रोहतक) के डीआईजी मनवीर सिंह श्योराण आईपीएस भी विशेष रूप से पहुंचे। आश्रम के प्रमुख सेवादार विनोद तायल और अशोक भुक्कर ने अतिथियों का स्वागत किया। साध्वी राज राजेश्वरी ने आश्रम में रह रहे बेसहारा, असहाय और मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि जिस तन्मयता के साथ यहां समाज के उपेक्षित वर्ग की देखभाल की जा रही है, वह संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा प्रकल्प ही मानवता को जीवित रखे हुए हैं।

#### डीआईजी ने अपने हाथों से गोवंश को चारा खिलाया

आश्रम के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर आईपीएस मनवीर सिंह श्योराण ने कहा, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सहायता करना ही असली राष्ट्र सेवा है। अक्सर हम अपनी व्यस्त जीवनशैली में उन लोगों को भूल जाते हैं जिन्हें हमारी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। श्री सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम जैसे संस्थान न केवल बेसहारा लोगों को छत प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उन्हें एक गरिमामय जीवन और अपनत्व भी दे रहे हैं। आश्रम की ओर से साध्वी जी और डीआईजी मनवीर सिंह को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आश्रम के अन्य सेवादार और शहर के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्यों के लिए प्रगणक और सुपरवाइजर को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- नप सिरसा व डबवाली, नपा कालांवाली, रानियां व ऐलनाबाद में भी होगा प्रशिक्षण

जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर जिला में 11 स्थानों पर एन्यूमरेटर (प्रगणक) और सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। नगर परिषद सिरसा व डबवाली, नगर पालिका कालांवाली, रानियां व ऐलनाबाद के साथ ही तहसील स्तर पर भी प्रशिक्षण दिए जाने का शेड्यूल तैयार किया गया है। यह प्रशिक्षण छह से आठ अप्रैल को दिया जाना है। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु ने बताया कि तहसील डबवाली के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव डबवाली, तहसील ऐलनाबाद के लिए बीडीपीओ कार्यालय ऐलनाबाद, तहसील कालांवाली के लिए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली, तहसील रानियां के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रानियां व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रानियां, तहसील नाथूसरी चौपटा के लिए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी चौपटा तथा तहसील सिरसा के लिए सीडीएलयू सिरसा के मल्टीपर्पज हॉल में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार नगर परिषद डबवाली के लिए कम्युनिटी हॉल वार्ड नंबर 3 नगर परिषद सिरसा के लिए मल्टीपर्पज हॉल सीडीएलयू सिरसा, नगर पालिका रानियां के लिए वीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रानियां, नगर पालिका कालांवाली के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली तथा नगरपालिका ऐलनाबाद के लिए चौधरी मनीराम झोरड़ कॉलेज मिठी सुरेरां में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**सूचना**

मैं, रमन कुमार कक्कड़ पुत्र गुरचरण दास निवासी वार्ड नं. 12. आदर्श नगर, गिरधारी लाल वधवा वाली गली, मण्डी डबवाली तहसील डबवाली जिला सिरसा का रहने वाला हूँ और बयान करता हूँ कि मैंने अपना नाम रमन कुमार कक्कड़ से बदल कर रमन कुमार कर लिया है। सभी नोट करें।

खबर संक्षेप

## फतेहाबाद मेन मार्केट में 'नो पार्किंग' नियम लागू

**फतेहाबाद।** यातायात पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में फतेहाबाद के मेन मार्केट क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए "नो पार्किंग" के बोर्ड स्थापित किए गए हैं। पुलिस का उद्देश्य बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति को समाप्त करना तथा आमजन को सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुविधा प्रदान करना है।

## बाल विवाह रोकने के लिए किया जागरूक

**रतिया।** लघु सचिवालय स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में बाल विवाह रोकने के लिये आंगनबाड़ी वर्कर्स के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल और सुपरवाइजर कोमल ने भाग लिया। उन्होंने सभी वर्कर्स को आने वाली अक्षय तृतीया पर जागरूक रहने बारे निर्देश दिये गये। महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी और सुपरवाइजर ने सभी वर्कर्स को बाल विवाह से होने वाले बुरे प्रभाव के बारे में बताया गया और साथ में बाल विवाह रोकने के लिये उन्हें जानकारी दी गई।

## जीसीडब्ल्यू में पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह आज

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में आगामी 4 अप्रेल को पूर्व-विद्यार्थी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता डॉ. कपिल कुमार सैनी ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पूर्व-विद्यार्थी संघ के संरक्षक डॉ. शत्रुजीत सिंह इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे, जबकि पंजाबी विभागाध्यक्ष एवं एलुमनाई समन्वयक डॉ. प्रीत कौर इस कार्यक्रम की संयोजक होंगी।

## बिन्दर सिंह बने भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**फतेहाबाद।** भाजपा हाई कमान द्वारा बिन्दर सिंह तलवाड़ा को भाजपा किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। आज बीजेपी जिला कार्यालय में किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बिन्दर सिंह का अभिनंदन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य व अन्य कार्यकर्ताओं ने उनको फूल मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा शुभकामनाएं दीं। बिन्दर सिंह ने पार्टी हाईकमान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाह करेंगे।

## रानियां गोशाला में दिव्य सत्संग आयोजित

**सिरसा।** रानियां की श्री गोशाला में आयोजित दिव्य सत्संग एवं गो गोपाल भक्ति कथा में डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि कथा सुनने का अभिप्राय केवल महिमा सुनना ही नहीं, हमें प्रभु का यथार्थ ज्ञान भी होना चाहिए, तभी मन के संशय टूटेंगे। स्वामी ने कहा कि संशय समाप्त होने पर हमारी श्रद्धा और विश्वास जागृत होगा तभी भक्ति सेवा हो सकेगी। आज तो लोभ और भय दिखाकर भजन का दिखावा किया जा रहा है। भक्ति के नाम पर आडम्बर और भ्रम अधिक है। गाय का भी हमें वैदिक व आध्यात्मिक ज्ञान नहीं है। दूध की महिमा और दूध के लालच में गाय पाल लेते हैं।

## व्यवसायिक शिष्टाचार विषय पर हुई विस्तार वार्ता

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा व्यवसायिक शिष्टाचार विषय पर विस्तार वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका के रूप में डॉ. निशा तलंगा एवं डॉ. दीपिका शर्मा ने बताया कि इस विस्तार वार्ता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक जीवन में आवश्यक शिष्टाचार, व्यवहारिक कौशल एवं व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों से परिचित कराना रहा।

### रोडवेज कर्मचारियों ने की बैठक

# जीएम की कार्यशैली पर उठाए सवाल कहा- मुलाकात का नहीं दे रहे समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ डिपो फतेहाबाद कार्यकारिणी की बैठक कर्मशाला प्रांगण में हुई। बैठक में कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार और जीएम के रवैये पर नाराजगी जताई गई और निर्णय लिया गया कि प्रदेशभर के रोडवेज कर्मचारी 24 मई को अंबाला में परिवहन मंत्री के आवास का घेराव करेंगे। इस प्रदर्शन को लेकर रोडवेज यूनियन द्वारा जिलेभर में जल्द जनसम्पर्क अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान राजकुमार बीघड़ ने की, जबकि संचालन सचिव सूबे सिंह धनाना ने किया। यूनियन नेताओं ने कड़े शब्दों में कहा कि वे लंबे समय से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें उठा रहे हैं, लेकिन सरकार के अड़ियल रवैये ने उन्हें सडक़ों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया है। इस बैठक में कर्मचारी नेता वीरेंद्र कुलेरी, जोगिंद्र रेढू, इंद्रपाल सहारण, सुनील लांधड़ी, सुरेश फौजी, कृष्ण फौजी, रवि कुमार, सुरेश पेटवाड़, जोगिंद्र सोनी, पवन गोदारा, जितेंद्र कुमार, चूनीलाल और राकेश सुथार सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

**यूनियन नेताओं ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी मांगें उठा रहे हैं लेकिन सरकार के अड़ियल रवैये ने उन्हें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया**


सिरसा। बैठक में भाग लेते आयुर्वेदिक अनुभवी चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### समस्याओं को लेकर कई बार दे चुके ज्ञापन

राज्य सचिव व डिपो सचिव सूबे सिंह धनाना ने फतेहाबाद के रोडवेज जीएम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यूनियन द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कई बार मांग पत्र सौंपा जा चुका है लेकिन मांग पत्र पर लिखित जवाब देना तो दूर, यूनियन को मुलाकात का समय तक नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मानी हुई मांगों को भी अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष है। रोडवेज यूनियन ने मांग की है कि लंबे समय से लंबित रात्रि भत्ते और ओवर टाइम का तुरंत भुगतान किया जाए। कर्मचारियों को वर्दी भत्ता, साबुन एवं धुलाई भत्ता शीघ्र जारी किया जाए। सहायक, जूनियर ऑडिटर व लेखाकार की पदोन्नति के उपरांत पांच वर्ष के अनुभव पर अधीक्षक पद पर पदोन्नति की जाए। राज्य ऑडिटर चंद्रभान खटक ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा लागू किए जा रहे चार नए श्रम कानूनों की कड़ी निंदा की और उन्हें कर्मचारी विरोधी बताया। रोडवेज नेताओं ने कहा कि 18 और 19 अप्रैल को रोहतक में दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिक्षा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें फतेहाबाद के कर्मचारी भी भाग लेंगे।

### एआई के दौर में भी लाइब्रेरी विश्वसनीय और सही सूचना का सबसे सशक्त माध्यम : डॉ. वंदना पूनिया

**सिरसा।** आयुर्वेदिक अनुभवी चिकित्सक समाज समिति की बैठक शुक्रवार को सिरसा में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान राजपाल वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत मेडिकल प्रेक्टिशनर समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद वे डर के साए में रहकर प्रेक्टिस करने को मजबूर हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन प्रेक्टिशनरों को गांवों में कार्य करने का वैध अधिकार दिया जाए, ताकि ग्रामीण जनता को सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे इन प्रेक्टिशनरों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। जिला प्रधान कश्मीर सिंह करीवाला ने कहा कि संगठन लंबे समय से मेडिकल प्रेक्टिशनरों की मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है, लेकिन अब तक किसी भी सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया है। बैठक के दौरान संगठन के सदस्यों को सदस्यता पत्र भी वितरित किए गए।

# रबी खरीद व्यवस्था सुधारने के लिए डीसी ने किया निरीक्षण


भूना। शास्त्री अनाज मंडी में गेहूं की नमी जांचते डॉ. विवेक भारती।

- डीसी ने अटल कैंटीन की गुणवत्ता जांची, पाइपलाइन कार्य में खामियों पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने रबी सीजन की खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए शुक्रवार को भूना की अनाज मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लक्ष्मी अनाज मंडी और शास्त्री अनाज मंडी में चल रही खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।निरीक्षण के दौरान डीसी ने तौल प्रक्रिया, फसल की गुणवत्ता जांच, उठान व्यवस्था और गेटपास प्रणाली की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित हों, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मंडी परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का भी उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया।

### भुगतान प्रक्रिया समय पर की जाए पूरी

डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही फसल की खरीद सुनिश्चित की जाए तथा उठान और भुगतान प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। इसके अलावा डीसी ने उप तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं बरसाती पानी निकासी पाइपलाइन के निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों पर उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और कार्य में सुधार के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार, नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार, बीडीपीओ भजनलाल शर्मा, डीएफएससी कुशल बूरा, मार्केट कमेटी सचिव ईश्वर सिंह ढाका, श्यामलाल बंसल, पवन कुमार सिंगला, सतबीर सिंह बुगालिया सहित अन्य अधिकारी व व्यापारी रहे।

# इनेलो ने अनाज मंडी में बनाया हेल्प डेस्क

- सुनैना चौटाला 5 अप्रैल को करेंगी अनाज मंडी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे फतेहाबाद अनाज मण्डी का दौरा कर फसल खरीद प्रबंधों का जायजा लेंगी। इस दौरान वह किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानेंगी वहीं किसानों की सुविधा के लिए इनेलो द्वारा अनाज मंडी में दुकान नंबर 86-बी पर स्थापित किए गए किसान कष्ट निवारण केन्द्र पर भी पहुंचेगी। यह जानकारी इनेलो जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली व हलका प्रधान अंगद ढिंगसरा ने अनाज मंडी में किसानों से बातचीत करते हुए दी। बता दें कि हरियाणा में रबी फसलों की आवक के साथ ही किसानों को मंडियों में होने वाली समस्याओं से बचाने के लिए इनेलो द्वारा प्रदेश की सभी अनाज मंडियों की तरह फतेहाबाद में भी किसान कष्ट निवारण केंद्र स्थापित किया गया है। इनेलो नेता बीकर सिंह हड़ौली व अंगद ढिंगसरा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को राहत देने के बजाय उन्हें पोर्टल और जटिल शर्तों के जाल में उलझा रही है। आज किसान अपनी मेहनत की फसल लेकर मंडी आता है, तो उसे गेट पास से लेकर फसल की तुलाई और उठान तक के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। इनेलो किसानों को मंडियों में असहाय नहीं छोड़ने देगी।



फतेहाबाद। हेल्प डेस्क पर किसानों से बातचीत करते इनेलो नेता।

## इनेलो का सांसद जेपी पर फिर तीखा वार

**सिरसा।** इनेलो के जिलाध्यक्ष जसबीर सिंह जस्सा ने हिसार के सांसद जयप्रकाश की ओर से सिरसा में पत्रकार वार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए सवालों की झड़ी लगाई है।

जस्सा ने कहा कि 2016 में जयप्रकाश जेपी आजाद विधायक थे और अपने आका भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कहने पर ही जयप्रकाश सहित कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक विधायकों ने स्याही कांड करते हुए भाजपा सम
प्रत्याशी सुभाष चंद्रा की जीत में भूमिका अदा की थी। इनेलो जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह कांग्रेस की नीति रही है और बाद में 2022 और अभी हाल में भी राज्यसभा के चुनाव में इसे फिर से दोहराया गया।

# न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाओ भारत संगठन का विस्तार, अनु सूरा ढींगड़ा बनीं हिसार जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अखिल भारतीय संगठन न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाओ भारत ने अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूती प्रदान करते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय अनु सूरा ढींगड़ा को हिसार जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति संगठन की कार्यक्षमता को बढ़ाने और सामाजिक न्याय की आवाज को बुलंद करने के उद्देश्य से की गई है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ, फतेहाबाद ने बताया कि अनु सूरा ढींगड़ा की कार्यकुशलता और समाज के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें यह दायित्व दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल हांडा व राष्ट्रीय संरक्षक साहिबदयाल वधवा के दिशा-निर्देशानुसार की गई है। नवनियुक्त जिला अध्यक्षा को हिसार जिले के अंतर्गत आने वाले सभी विभिन्न प्रकोष्ठों की जिला कार्यकारिणियों के गठन का अधिकार और दायित्व भी सौंपा गया है, ताकि संगठन की पहुंच जमीनी स्तर तक हो सके।



फतेहाबाद। न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाओ भारत की हिसार जिलाध्यक्षा को बधाई देते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि


सिरसा। सालासर मंदिर में भजन संध्या से पूर्व आरती करते श्रद्धालुजन।

### सालासर धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भजन संध्या

**सिरसा।** श्रीराम नाम प्रभात फेरी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से श्री सालासर धाम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री बालाजी महाराज की भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक आयुष कांसल मेरठ ने श्री बालाजी की महिमा का गुणगान किया। हजारों श्रद्धालु भजनों पर जमकर झूमे। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने पूजा अर्चना कर श्री बालाजी महाराज की ज्योति प्रज्जवलित की और उनकी भव्य श्रृंगार आरती की। पुलिस अधीक्षक दीपक ने सबसे पहले बाला जी महाराज की स्वर्ण चौकी का अनावरण किया। बाबा का भव्य दरबार को फूलों से सजाया गया था। श्री सालासर धाम मंदिर कमेटी के प्रधान गोपाल सर्राफ और अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इसके बाद मंदिर के पुजारी पंडित जलराम शर्मा, पंडित जवाहरलाल त्रिपाठी, पंडित चिरंजीलाल शर्मा, पंडित भागवत शर्मा, पंडित पुरुषोत्तम शर्मा आदि ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवाई।

# अभय पर पलटवार: काटड़े बेचे, ईमान नहीं

- कहा : इनेलो कर रही भाजपा के इशारे पर काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हिसार से सांसद जयप्रकाश ने इनेलो नेता अभय चौटाला पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने काटड़े जरूर बेचे हैं लेकिन ईमान नहीं बेचा। साथ ही उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल और ओमप्रकाश चौटाला के नेतृत्व में हमेशा पार्टी और पब्लिक के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन उनकी बढ़ती लोकप्रियता अजय व अभय चौटाला को रास नहीं आई, जिसके कारण उन्हें इनेलो छोडऩी पड़ी। सांसद ने अभय चौटाला द्वारा सांसद जयप्रकाश को पालतू कहने के वक्तव्य पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वे जब तक इनेलो में रहे हमेशा वफादार रहे और चौ. देवीलाल की देशभर में जय-जयकार करवाई, जबकि इसके विपरीत अभय चौटाला एंड कंपनी ने चौ. देवीलाल के कद को खत्म करने का काम किया है। सांसद जयप्रकाश शुक्रवार को सिरसा पहुंचे और अपने खिलाफ अभय चौटाला द्वारा दिए गए बयान को लेकर कड़े प्रहार किए और कहा कि वे न कभी झुकेंगे, न कभी डरेंगे, संघर्ष के जरिये जनहित के लिए लड़ाई लड़ते रेंगे। सांसद जयप्रकाश ने चौटाला परिवार विशेषकर अभय चौटाला के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली।


सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए हिसार के सांसद जयप्रकाश।

### पुस्तकों का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में महाविद्यालय की लाईब्रेरी कमेटी द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि पुस्तकों का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। पुस्तक प्रदर्शनी का उदेश्य अध्ययन रूचि के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर छात्राओं का समग्र विकास करने के साथ साथ संस्कृति और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देना भी है। छात्र ज्ञान का प्रयोग कर स्वाध्याय की ओर अग्रसर होते हैं। इंचार्ज लाइब्रेरियन कुलविंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में नई तकनीकी के बढ़ते प्रभाव के कारण भी पुस्तकें पढने वालों की संख्या में आज तक न तो कमी आई है न ही आगे आएगी। सभी ने पुस्तकों का अवलोकन किया और अपनी इच्छित पुस्तकों को अपने महाविद्यालय के पुस्तकालय में पाकर खुशी प्रकट की।


सिरसा। पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### एमएम कॉलेज में 'इंफॉर्मेशन लिटरेसी' पर सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

# कार्यशाला का उद्देश्य सूचनाओं की सार्थकता के प्रति छात्रों को जागरूक करना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एमएम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय 'इंफॉर्मेशन लिटरेसी क्वालिटी एजुकेशन प्रोग्राम' का समापन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य डिजिटल युग में सूचनाओं की सार्थकता और उनके सही चयन के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना था। समापन समारोह में गुरू जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हिसार के शिक्षा विभाग की डीन डॉ. वंदना पूनिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। कार्यशाला की संयोजिका एवं पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और सात दिनों तक चली विभिन्न गतिविधियों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. वंदना पूनिया ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल सूचना और डिजिटल दक्षता जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।


फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में मुख्य अतिथि का स्वागत करते प्राचार्य व पुस्तकालय अध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

### एआई का उपयोग करना अनिवार्य

डॉ. वंदना पूनिया ने विद्यार्थियों से आगाह करते हुए कहा कि आज के दौर में तकनीक का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि एआई मनुष्य को भी 'आर्टिफिशियल' बनाता जा रहा है। डॉ. पूनिया ने कहा, समय की मांग को देखते हुए एआई का उपयोग करना अनिवार्य है, परंतु प्राप्त सूचना का उपयोग बहुत सावधानी से करना चाहिए। अपनी डिजिटल दक्षता से आप सूचना तो कहीं से भी निकाल लेते हैं, लेकिन उसके गलत होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। इसके विपरीत, लाइब्रेरी आज भी विश्वसनीय और सही सूचना का सबसे सशक्त माध्यम है। डॉ. पूनिया ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तकनीक के विकास के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारा और दयाभाव जैसे मानवीय गुण कम होते जा रहे हैं। आज छात्र, फैकल्टी और आम आदमी, सभी एआई पर निर्भर हैं, जिससे वास्तविक मानवीय संवेदनाएं पीछे छूट रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, आप चैट जीपीटी और जेमिनी जैसे आधुनिक टूल्स का उपयोग जरूर करें, लेकिन अपनी नैतिकता, दयाभाव और माता-पिता व गुरुजनों के प्रति सम्मान को कभी खत्म न होने दें। यही वे गुण हैं जो आपको एआई से अलग करते हैं और आपको मशीन बनने से बचाकर एक बेहतर इंसान बनाए रखते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने सफल आयोजन के लिए पुस्तकालय विभाग को बधाई दी।

## श्रद्धांजलि सभा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आज

**सिरसा।** कांग्रेस नेता स्व. पंडित होशियारी लाल शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर 4 अप्रैल को श्रद्धांजलि सभा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम उनके मोहल्ला जंडवाला स्थित कार्यालय पर आयोजित होगा। कार्यक्रम की जानकारी उनके पुत्र एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा एवं पौत्र मोहित शर्मा ने दी। राजकुमार शर्मा ने बताया कि यह आयोजन उनके पिता की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा और जनहित के कार्यों में समर्पित कर दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।